उत्तर प्रदेश शासन

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2

संख्या-16/2016/सीपी 470/84-2-2016-सीपी 2/2014

लखनऊ : दिनांक : 06 जुलाई, 2016

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

श्रीमती निर्मला यादव पत्नी श्री आर0एन0 यादव, ग्राम अलीनगर, पोस्ट नाथनगर, संतकबीरनगर की नियुक्ति शासन की अधिसूचना संख्या-68/सीपी 1034/84-2-2014-सीपी 2/ 2014 दिनांक 19 नवम्बर, 2014 द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, संतकबीरनगर में महिला सदस्य (पूर्णकालिक) के पद पर की गयी थी।

2. निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या - 1094/ एस0सी0डी0आर0सी0/अधि/79/14, दिनांक 13 जून, 2016 द्वारा श्रीमती निर्मला यादव के पत्र दिनांक 01 जून, 2016 की प्रति उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया गया कि श्रीमती यादव ने अपने उक्त पत्र में उल्लेख किया है कि वह अस्वस्थ होने के कारण अपना त्यागपत्र प्रस्तुत कर रही हैं। निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा श्रीमती निर्मला यादव, महिला सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, संतकबीरनगर का त्यागपत्र स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. अत: उपर्युक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त जिला उपभोक्ता फोरम, संतकबीरनगर के महिला सदस्य (पूर्णकालिक) के पद से श्रीमती निर्मला यादव पत्नी श्री आर0एन0 यादव, ग्राम अलीनगर, पोस्ट नाथनगर, संतकबीरनगर द्वारा स्वेच्छा से दिये गये त्यागपत्र को दिनांक 01 जून, 2016 से स्वीकार करने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

सुधीर गर्ग

प्रमुख सचिव।

<u>पृष्ठांकन संख्या-16/2016/सीपी 470(1)/84-2-2016-सीपी 2/2014, तददिनांक</u>

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, सी-1, विक्रान्तखण्ड-1, गोमतीनगर, लखनऊ।

(2) जिलाधिकारी, संतकबीरनगर ।

(3) कोषाधिकारी, संतकबीरनगर ।

(4) कार्यालय, जिला उपभोक्ता फोरम, संतकबीरनगर (द्वारा निबन्धक, राज्य आयोग)।

(5) श्रीमती निर्मला यादव पत्नी श्री आर0एन0 यादव, ग्राम अलीनगर, पोस्ट नाथनगर, संतकबीरनगर।

(6) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रेम शंकर राय

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in